Reg. No. : ....................................

Name : ......................................

**Code No. 9003**

**Second Year – March 2018**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part-II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool-off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- Read the instructions carefully.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations wherever necessary.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

मैंने उसके चेहरे से उसे
कभी नहीं पहचाना,
केवल उस नंबर से जाना
जो उसकी लाल कमीज़ पर टँका होता ।
आज जब अपना सामान खुद उठाया
एक आदमी का चेहरा याद आया ।।

1. कवि ने कुली को कैसे पहचाना ? **(Score : 1)**

2. कवि को आदमी का चेहरा कब याद आया ? **(Score : 1)**

3. समकालीन संदर्भ से जोड़कर कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(Scores : 6)**

सूचना : 4 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें : (Scores : 3 × 2 = 6)

4. 'दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे..... मैं भी उनको रोता हूँ ।' यहाँ शासक का कौन सा गुण प्रकट हुआ है ?

5. 'मेरी जीत तेरी जीत
तेरी हार मेरी हार' –
सच्ची दोस्ती कैसी होती है ?

6. 'जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं, और वे पीड़ित हैं, तब तक हमारा काम खतम नहीं होगा ।' नेहरू जी के अनुसार भारत के नव-निर्माण के लिए हमें क्या करना है ?

7. 'नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल-तारे मंडन है' – मातृभूमि के आभूषण क्या-क्या हैं ?

(Scores : 8 × 1 = 8)

8. सूचना : सही मिलान करें ।

| | | |
|---|---|---|
| Advance | - | प्रतिशत |
| Bacteria | - | टीकाकरण |
| Commerce | - | सांख्यिकी |
| Ecology | - | उपग्रह |
| Percent | - | पेशगी |
| Satellite | - | जीवाणु |
| Statistics | - | वाणिज्य |
| Vaccination | - | पारिस्थितिकी |

सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर पाँच या छः वाक्यों में लिखें । (Scores : 4 × 4 = 16)

9. हिंदी के प्रचार-प्रसार में हिंदी फिल्मी गीतों की विशेष भूमिका है । भारत की भावात्मक एकता में वह सहायक है । संकेतों के आधार पर टिप्पणी लिखें ।

- जन साधारण को प्रभावित करने वाला
- हिंदी के प्रति रुचि उत्पन्न करने वाला

10. जीवन-वृत्त के आधार पर मलयालम के प्रसिद्ध कवि ओ.एन.वी. कुरुप के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

| | |
|---|---|
| नाम | : ओ.एन.वी. कुरुप |
| जन्म | : 1931 |
| जन्मस्थान | : कोल्लम जिले का चवरा नामक गाँव |
| रचनाएँ | : दाहिक्कुन्न पानपात्रं, माट्टुविन चट्टंङले, भूमिक्कु ओरु चरमगीतं |
| पुरस्कार | : ज्ञानपीठ, पद्मविभूषण |
| विशेषताएँ | : मलयालम के लोकप्रिय कवि |
| निधन | : 2016 |

11. 'जब भी कोई
फूल खिला बाग में
तू याद आया ।' – 'प्रेम हमेशा हरा रहता है ।'
हाइकू के आधार पर अपना विचार स्पष्ट करें ।

12. 'वे खामोश थे । कुछ बोल नहीं रहे थे । मगर उनके भीतर का हाहाकार मेरी समझ में आ रहा था ।' – ज़मीन का नष्ट होना पिताजी के लिए हृदय टूटने के समान है । मिट्टी और मनुष्य के अभिन्न संबंध के बारे में अपना विचार प्रकट करें ।

13. 'मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटीस
बैंक की आ धमकी सपने में' – आदमी का सपना हमेशा अधूरा रहता है । कवितांश का विश्लेषण करें और लिखें ।

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 14, 15 के उत्तर लिखें ।

दिनांक 6 जून को प्रातः सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए सूरीनाम के आफ्रीकी मूल के राष्ट्रपति रुनाल्डो वेनेत्सियायन ने अपने उद्बोधन में कहा था – सूरीनाम और भारत के बीच प्रगाढ़ आत्मीय संबंध है । दोनों देश अनेक अर्थों में एक दूसरे से गहरे जुड़े हैं । दोनों के बीच पुराने भाषाई संबंध हैं । भाषा भावों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम होती है । हिंदी की जननी संस्कृत की अपनी विशेषताएँ हैं । उसके साथ-साथ आज विश्व की एक प्रमुख भाषा के रूप में हिंदी भी उभर रही है । सूरीनाम में हिंदी के प्रचार-प्रसार में हिंदी को आम आदमी तक पहुँचाने में हिंदी फिल्मों तथा संगीत का भी विशेष योगदान रहा है ।

14. किन-किन देशों के बीच पुराने भाषाई संबंध हैं ? **(Scores : 2)**

15. गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक लिखें । **(Scores : 6)**

सूचना : 16 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । **(Scores : 3 × 6 = 18)**

16. अनंग जी के अंतिम क्षण आ पहुँचे । उन्हें घंटे भर जीवित रखने के लिए उनकी पत्नी डॉक्टर से प्रार्थना करती है । अनंग जी की पत्नी और डॉक्टर के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें ।
   - अनंग जी की आसन्न मृत्यु
   - पुत्र के आने तक जिंदा रखने की प्रार्थना
   - दवा दिलाने की प्रेरणा

17. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' पाठ का अंश पढ़ें ।
'पिताजी के सूखे आँसुओं को कौन देख सकता था । कौन सुन सकता था उनके निःशब्द विलाप को ।' शादी की तैयारियाँ देखकर दीदी का मन संघर्ष से भरा । वह अपनी डायरी लिखती है । दीदी की डायरी 60-80 शब्दों में तैयार करें ।
   - भाई और माता-पिता का प्यार
   - परिवार से बिछुड़ने का दुख
   - पिताजी के दुख का न सहना
   - ससुराल के प्रति आशंका

18. 'पुस्तक वाचन इनसान को महान बनाता है ।' बच्चों में वाचन की रुचि बढ़ाने के लिए कक्षा में पुस्तकालय बनाने का प्रबंध किया गया है । इसका उद्घाटन स्कूल के सभागृह में पंचायत के अध्यक्ष करेंगे । तदवसर पर छात्रों को वाचन प्रतियोगिता भी चलाएँगे । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

19. खंड का हिंदी में अनुवाद करें ।
India is a secular country. Secularism means that everybody enjoys complete religious freedom. Religious freedom is our fundamental right. It is constitutional also. Everybody has the freedom to propagate and to adopt any religion. Secularism is the only way to maintain religious harmony among these different religions. We Indians can lead a peaceful life.
Secularism – **धर्मनिरपेक्ष**, religious – धार्मिक, freedom – आज़ादी, cultural – सांस्कृतिक, fundamental right – मूल अधिकार, adopt – अपनाना, constitution – संविधान, harmony – एकता, propagate – प्रचार करना, construct – निर्माण करना

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें ।** **(Scores : 2 × 8 = 16)**

20. 'मुरकी उर्फ बुलाकी' का अंश पढ़ें ।
'जब मैंने उसकी मरी को नहलाया, इस कोठरी की चाबी उसके नेफे में खोंसी हुई थी । उसके माँस से चिपक गई थी' – मुरकी के अंतिम क्षण की बातें माँ से सुनकर व्यथित कुमार मित्र को एक पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- माँ के द्वारा मुरकी का पालन-पोषण करना
- पति द्वारा उपेक्षित मुरकी को सहारा देना
- घर की चाबी पकड़ा जाना
- अंतिम क्षण तक चाबी को सुरक्षित रखना

21. 'भटका हुआ पीर' का अंश पढ़ें ।
'तू पानी पिलाया कर, पुण्य मिलता है । तब से अब तक इस मश्क से मेरा रिश्ता जुड़ा हुआ है ।' स्कूटरवाला अपनी आत्मकथा लिखता है । वह आत्मकथांश 100–120 शब्दों में तैयार करें ।

- पितृहीन बालक
- माँ के उपदेश का पालन करना
- राहगीरों को पानी पिलाना
- दिल का रिश्ता जोड़ना

22. विज्ञान समाज कल्याण के लिए है । जनसाधारण तक इसका चमत्कार पहुँचाते ही देश की प्रगति संभव है । प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रामन की जन्मतिथि पर जिला पंचायत कार्यालय में 'विज्ञान की प्रगति जनता के लिए' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है । भाषण 100–120 शब्दों में लिखें ।

- विज्ञान से मानव प्रगति
- विज्ञान से लाभ
- विज्ञान से हानि
- वैज्ञानिक उपलब्धियों का प्रचार